अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 8 जुलाई 2020

Page no :01 Bottom

विश्वविद्यालयों-कॉलेजों में नवंबर से शुरू होगा नया सत्र

नई दिल्ली। देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 नवंबर से शुरू होगा। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में मंगलवार शाम मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) समेत अन्य की बैठक में यह फैसला हुआ। इसके अनुसार, जेईई मेन और नीट 2020 का रिजल्ट आने तक सभी विश्वविद्यालयों को एडमिशन जारी रखना होगा, ताकि कोई छात्र दाखिले से वंचित न रहे।

वहीं, यूजीसी की संशोधित गाइडलाइन आने के बाद अब दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में ओपन बुक एग्जाम 15 अगस्त के बाद होंगे। डीयू प्रशासन को दस जुलाई से शुरू होने वाली परीक्षा एक महीना स्थगित करने को कहा गया है। **ब्यूरो**

>> राज्यों को अंतिम वर्ष की परीक्षा न करवाने का फैसला बदलना होगा : पेज 12 पर



अक्तूबर या नवंबर तक जारी होगा रिजल्ट

विश्वविद्यालयों में 30 सितंबर तक अंतिम वर्ष की परीक्षा आयोजित करने के आधार पर अक्तूबर या नवंबर तक रिजल्ट जारी हो जाएंगे।

Page NO: 12 TOP

केंद्र ने भेजी यूजीसी की संशोधित गाइडलाइन

राज्यों को बदलना होगा अंतिम वर्ष की परीक्षा न करवाने का फैसला

नई दिल्ली। राज्यों को अंतिम वर्ष की परीक्षा न करवाने का फैसला बदलना होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सोमवार को 30 सितंबर तक परीक्षा लेने की संशोधित गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत देश के सभी 750 विश्वविद्यालयों और 45 हजार कॉलेजों के लिए स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षा अनिवार्य है। मानव संसाधन मंत्रालय ने सभी राज्यों और विश्वविद्यालयों को इसकी सूचना भेज दी है। फैसला एआईसीटीई के तकनीकी कॉलेजों में भी लागू होगा। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, केरल और ओडिशा ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में किसी भी तरह की परीक्षा आयोजित न करने की घोषणा की थी। ब्यूरो

यूपी में सितंबर में परीक्षाओं की तैयारी

लखनऊ। यूपी के विवि और डिग्री कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर फाइनल ईयर की शेष परीक्षाएं यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार सितंबर में कराई जाएंगी। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने विभाग के अधिकारियों को गाइडलाइन का अध्ययन करने और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से बात कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।